उत्तर प्रदेश शासन

नगर विकास अनुभाग-4

संख्या-3180/नौ-4-14- 40डब्लू/14

लखनऊ दिनांक 01 दिसम्बर, 2014

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण सेवा के श्री कृष्ण कुमार यादव, सहायक अभियन्ता (सिविल) नगर पालिका परिषद, औरैया को जनहित में तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित करते हुए नगर पालिका परिषद, बहराइच में सहायक अभियन्ता (सिविल) के रिक्त पद पर तैनात किया जाता है।

2- श्री कृष्ण कुमार यादव अपनी नवीन तैनाती के स्थान पर एक सप्ताह के अन्दर कार्यभार ग्रहण करते हुए, कार्यभार ग्रहण करने की सूचना शासन/निदेशक, नगर निकाय निदेशालय को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे । संबंधित प्राधिकारी द्वारा श्री यादव को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाय। आदेशों की अवहेलना अनुशासनहीनता मानी जायेगी, जिसके लिए संबंधित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी ।

श्रीप्रकाश सिंह

सचिव ।

संख्या-3180(1)/नौ-4-14-40डब्लू/2014 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः -

1- निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ ।

2- जिलाधिकारी, औरैया/बहराइच ।

3- अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, औरैया/बहराइच ।

4- संबधित सहायक अभियन्ता ।

5- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(उमाशंकर सिंह)

उप सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in